फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्रीमती द्रोपदा देवी पंवार पत्नि श्री क्षमान सिंह पंवार नि0 भीलों की टांकड़ी केशरिंग घाटी के पास, देवगढ़ पो0 देवगढ़–मदारिया जिला राजसमन्द — **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 100/2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 10.12..2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से जरिये पत्र क्रमांकः एफ.1( )सू0अ0,05/प्र.अपील 100/2024/7002 दिनांक 22.11. 2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थीया/अपीलान्ट का आवेदन पत्र राजस्व ग्रुप–7 विभाग के जरिये पत्रांक–2(40) राज–7/2024 जयपुर से दिनांक 04.10.2024 को इस अनुभाग को आरटीआई की धारा 6(3) के तहत अन्तरण होकर दिनांक 16.10.2024 को प्राप्त हुआ। प्रार्थीया अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना स्थापना अनुभाग एवं उपखण्ड कार्यालय देवगढ़ जिला राजसमन्द की होने से इस कार्यालय द्वारा प्रार्थी अपीलार्थी का आरटीआई आवेदन कार्यालय के जरिये पत्रांक 6030–33 दिनांक 18.10.2024 से संबंधित कार्यालय को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3)(1)(2) में उपखण्ड अधिकारी, देवगढ़ जिला राजसमन्द को अन्तरण करते हुए एवं प्रभारी अधिकारी, स्थापना अनुभाग को जरिये डाक प्रेषित करते हुए प्रार्थी को भी प्रति पृष्ठांकित की जाकर जरिये डाक प्रेषित की गई। प्रभारी अधिकारी स्थापना अनुभाग द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध अभिलेख अनुसार सूचना उपलब्ध कराई गई। प्रार्थी को ऑनलाईन आवेदन संख्या 244005463752613 में ऑनलाईन क्रमांक 9347787963 से एक पृष्ठ की अधिप्रमाणित सूचना	

न्यायालय जिला कल...

अपलोड कर प्रार्थी को जरिये ऑनलाईन सूचित किया गया। अतः प्रार्थी को सूचना के अधिकार अधिनियम के नियमानुसार स्थापना अनुभाग द्वारा उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार एक पृष्ठ की सूचना ऑनलाईन अपलोड कर प्रार्थीया को उपलब्ध करवा दी गई एवं शेष सूचना हेतु, सूचना अधिनियम के प्रावधानो के तहत संबंधित कार्यालय को अन्तरण की गई है

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को प्रभारी अधिकारी स्थापना अनुभाग द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध अभिलेख अनुसार सूचना उपलब्ध कराई गई। प्रार्थी को ऑनलाईन आवेदन संख्या 24400546375261З में ऑनलाईन क्रमांक 9347787963 से एक पृष्ठ की अधिप्रमाणित सूचना अपलोड कर प्रार्थी को जरिये ऑनलाईन सूचित किया गया एवं शेष सूचना हेतु सूचना अधिनियम के प्रावधानो के तहत संबंधित कार्यालय को अन्तरण की गई है अतः उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थीया द्वारा चाही गई सूचना जो आपके कार्यालय से संबंधित है अपीलार्थीया उपलब्ध करवायी जाकर इस कार्यालय को अवगत करावे।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द एवं लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

10/12/21

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)